**खबर संक्षेप**

### शहर में सांसद निधि से होंगे कई विकास कार्य

**छिन्दवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू ने अपनी सांसद निधि से पाण्ढुर्णा में 53.50 लाख के कई विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान की है। सांसद निधि स्वीकृत होने से लंबे समय से लोगों द्वारा की जा रही विकास कार्यों की मांग पूरी हो सकेगी। सांसद श्री साहू ने नगर पालिका परिषद पांढुर्ना को 33.50 लाख, ग्राम तिगांव में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख, पांढुर्णा के वार्ड नं. 06 टेकरी वार्ड में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख के विकास कार्यों की सौगात दी है। उल्लेखनीय है कि नगर पालिका अध्यक्ष संदीप घाटोडे की मांग पर एवं भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप मोहोड़ और मंडल अध्यक्ष नरेश कलम्भे की अनुशंसा पर सांसद बंटी विवेक साहू ने नगर पालिका पाण्ढुर्णा के विभिन्न वार्डों में निर्माण कार्यों के लिए 33.50 लाख की स्वीकृति प्रदान की है। जिसके तहत शिवाजी वार्ड में सड़क का रिकोटिंग कार्य के लिए 1.50 लाख, राधाकृष्ण वार्ड में सीमेंट सड़क के रिकोटिंग कार्य के लिए 1.50 लाख, टेकडी वार्ड में जगनाडे पार्क से डाबरे के घर तक सीमेंट सड़क निर्माण के लिए 6 लाख, गुरूदेव वार्ड में सीमेंट सड़क के रिकोटिंग कार्य के लिए 1.50 लाख निर्माण कार्य होंगे।

### पुलिस ने महाराष्ट्र के रहने वाले पारदी गैंग के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

# पुलिस के हत्थे चढ़े अंधे हत्याकांड के पांच आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव




जुन्नारदेव पुलिस ने दो साल पहले हुए अंधे हत्याकांड का खुलासा करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। जुन्नारदेव पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 15 फरवरी 2023 को मृतक सूरज पिता भारत मेश्राम उम्र 31 साल निवासी पठानपुरा तहसील जिला चन्द्रपुर ( महाराष्ट्र) अपने दोस्त अनुप उर्फ गोलू कोरेवाल के साथ भूरा भगत महादेव मेला घूमने जुन्नारदेव ट्रेन से आया हुआ था। उसी दिन रात्रि करीब 07.30 से 08.00 बजे घटना स्थल सतघघरी के पास ग्राम छावड़ा में भूराभगत महादेव जाने वाले रास्ते पर सूरज मेश्राम के साथ अज्ञात व्यक्तियों के साथ विवाद होने पर अज्ञात व्यक्तियो के द्वारा हाथ मुक्को एवं पैरो से चेहरा एवं पेट में मारपीट कर घायल कर दिये थे एवं मृतक का घटना के पश्चात एम आई नोट कम्पनी का मोबाईल फोन एवं नगदी रकम 4000 रूपये लेकर चले गये थे।

घायल सूरज मेश्राम दिनांक 19.02.2023 को वापस अपने घर चन्द्रपुर पहुंच कर मारपीट से आई हुयी चोटो का ईलाज कराने हेतु एम्स अस्पताल नागपुर में भर्ती हो गया जहां उसकी ईलाज के दौरान मृत्यु हो गई एवं पोस्टमार्टम में डाक्टर के द्वारा मृतक सूरज मेश्राम की मृत्यु मारपीट से आई चोटो के कारण होना लेख किया गया जहां से मर्ग डायरी थाना जुन्नारदेव को प्राप्त होने पर थाना जुन्नारदेव में मर्ग क्रं. 24/2023 धारा 174 जा.फौ. कायम कर जांच की गई। जांच के दौरान घटना के चश्मदीद साक्षी अनुप उर्फ गोलू कोरेवाल एवं मृतक के परिजनों के कथन लेखबद्ध किये गये जिनके द्वारा मृतक सूरज मेश्राम को सतपपरी के पास 4-5 अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा हाथ मुक्को से मारपीट कर चोट पहुंचाकर घायल करना बताये।

जाँच पर अज्ञात आरोपियो के विरूद्ध थाना जुन्नारदेव में दिनांक 15/08/23 को अपराध क्र. 305/23 धारा 302 भादवि का पंदीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।विवेचना के दौरान अज्ञात आरोपी की तलाश पतासाजी की जाती रही परंतु आरोपियो के संबंध में कोई पता नहीं चलने पर पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा के द्वारा अज्ञात आरोपियो की पता तलाश एवं गिरफ्तार करने हेतु 10,000 रूपये के नगद इनाम की उदघोषणा की गई।

विवेचना के दौरान सायबर सेल की सहायता से मृतक के मोबाईल के चालू होने पर अज्ञात आरोपियो की तलाश पतासाजी करने पर ज्ञात हुआ कि मृतक का मोबाईल चलाने वाले व्यक्ति महाराष्ट्र राज्य के अमरावती जिले के पारदीखेड़ा के रहने वाले पारदी गिरोह के सदस्य है जिनकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम कई बार उनके क्षेत्र में गई परंतु आरोपीगण फरार हो जाते थे। सायबर सेल छिंदवाड़ा से दो दिन पूर्व जानकारी प्राप्त हुई कि उक्त पारदी गिरोह के सदस्य इस बार भूरा भगत महादेव मेला घूमने आये हुये है, जिनके संबंध में पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह एवं एसडीओपी जुन्नारदेव सोनम पाटिल को अवगत कराया गया।

जिनके द्वारा आरोपियो की गिरफ्तारी करने हेतु निर्देशित करने पर थाना प्रभारी जुन्नारदेव निरीक्षक राकेश बघेल के द्वारा तत्काल ही थाने से टीम गठित कर अज्ञात आरोपियो की तलाश पतासाजी हेतु महादेव मेला भूरा भगत तरफ रवाना किया गया जो टीम के द्वारा भूरा भगत मेला से मृतक का मोबाईल चलाने वाले संदेही व्यक्ति की तलाश पतासाजी पचमढ़ी तरफ की गई तो आरोपी शैलेश पवार पिता विलास पवार निवासी घारेफल थाना नेर जिला अमरावती महाराष्ट्र का पचमढ़ी तरफ भूरा भगत मेला में मिला जिससे घटना के संबंध में एवं उसके पास मिले मोबाईल के संबंध में पूछताछ की गई तो उसने अपने अन्य चार साथियो (1) सुभाष पवार (2) उमेश पवार (3) सुलेचना पवार (4) प्रिया पवार के साथ दो वर्ष पूर्व वर्ष 2023 के माह फरवरी के महादेव मेला में घूमने आने पर सतघघरी के पास महादेव मेला रोड में मृतक सूरज मेश्राम से विवाद होने पर उसकी अपने साथियो के साथ हाथ मुक्को एवं पैरो से मारपीट करना एवं उसके जेब में रखे हुये रेडमी कंपनी का मोबाईल फोन एवं जेब में रखे 4,000 रूपये नगदी लेकर चले जाना बताया।

पुलिस टीम के द्वारा उसके अन्य चार साथियो की पता तलाश महादेव मेला में की गई तो उसके अन्य चार साथी इटारसी से बैतूल तरफ जाने वाले मार्ग पर जिला अमरावती जाते हुये मिले जिन्हे अभिरक्षा में लेकर थाना में लाकर पूछताछ की गई। सभी आरोपियो के द्वारा मृतक सूरज मेश्राम के साथ मारपीट करना एवं उसका मोबाईल एवं नगदी रूपये ले जाना बताये। आरोपी शैलेश पवार से मृतक का रेडमी कंपनी का मोबाईल फोन जप्त किया गया एवं सभी आरोपियो को दिनांक 27/02/25 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय जुन्नारदेव पेश किया गया जहां से सभी को जेल भेजा गया है।

#### मामले में गिरफ्तार आरोपी

शैलेश पवार पिता विलाश पवार उम्र 21 साल निवासी घारेफल पारदीबेडा थाना नेर जिला यवतमाल, सुभाष पवार पिता भास्कर पवार उम्र 33 साल निवासी धारेफल जिला यवतमाल महाराष्ट्र, सुलेचना पवार पति उमेश पवार उम्र 34 साल निवासी ग्राम सालोड़ जगतपुर थाना मंगलोर जिला अमरावती, उमेश पवार पिता निरलिंग पवार उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम सालोड़ जगतपुर थाना मंगलोर जिला अमरावती, प्रिया पवार पति सुभाष पवार उम्र 25 साल निवासी घारेफल पारदीबेडा थाना नेर जिला यवतमाल महाराष्ट्र।

#### आरोपी से जप्त की वस्तुएं

मृतक सूरज मेश्राम का रेडमी कंपनी का मोबाईल फोन

**कार्यवाही में पुलिस टीम की भूमिका -** निरीक्षक राकेश बघेल थाना प्रभारी जुन्नारदेव, थाना प्रभारी माहुलझिर उप निरीक्षक रविन्द्र पवार, उप निरीक्षक मुकेश डोंगरे, प्र.आर. 985 संदीप चौरसिया, आर. 794 निलेश पाल, 842 अनिल उइके, आर. 553 योगेश रघुवंशी, आर. 1103 संतोष धुर्वे, मआर, 933 पूर्णिमा वर्मा, सायबर सेल प्र.आर.811 नितिन रघुवंशी, आर. 542 आदित्य रघुवंशी की कार्यवाही में सराहनीय भूमिका रही हैं। पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा के द्वारा उक्त पुलिस टीम को उचित ईनाम से पुरूष्कृत किया जाएगा।

## बैठक में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की तैयारियों को लेकर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा



नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा में आज महापौर श्री विक्रम अहके के निर्देशानुसार स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता निगमायुक्त श्री सी.पी. राय ने की, जिसमें सहायक आयुक्त सुश्री मीना कोरी, श्री ईश्वर सिंह चंदेली सहित अन्य अधिकारियों और संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।बैठक में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई, जिनमें सफाई व्यवस्था, कचरा प्रबंधन, शौचालयों की स्थिति, नागरिक सहभागिता, सूचना, शिक्षा एवं संचार (IEC) गतिविधियों और नवाचारों को शामिल किया गया। निगमायुक्त श्री सी.पी. राय ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि स्वच्छता कार्यों में तेजी लाई जाए और शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। सहायक आयुक्त सुश्री मीना कोरी एवं श्री ईश्वर सिंह चंदेली ने नगर के सभी वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाने, जनजागरूकता बढ़ाने और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि शहरवासियों को स्वच्छता से जोड़ने के लिए नए कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे और स्वच्छ सर्वेक्षण के मापदंडों के अनुरूप नगर निगम की रैंकिंग सुधारने के प्रयास किए जाएंगे।इसके साथ ही, सिटीजन फीडबैक पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। शहर के प्रत्येक नागरिक से अपील की जाती है कि वे स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के तहत अपना फीडबैक अवश्य दें। यह फीडबैक शहर की स्वच्छता रैंकिंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। आपका योगदान न केवल छिंदवाड़ा को स्वच्छ बनाएगा, बल्कि इसे देश के शीर्ष स्वच्छ शहरों में शामिल करने में भी सहायक होगा। महापौर श्री विक्रम अहके के मार्गदर्शन में नगर निगम छिंदवाड़ा स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## 10वीं के हिन्दी पेपर में 792 विद्यार्थी रहे अनुपस्थित

**छिंदवाड़ा।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा आयोजित की जाने वाली हायर सेकेण्डरी व हाई स्कूल परीक्षा सत्र 2024-2025 के अंतर्गत 25 फरवरी 2025 से हायर सेकेण्डरी व हाई स्कूल परीक्षा आज 27 फरवरी से छिन्दवाड़ा जिले में स्थापित 133 एवं पांढुर्णा जिले में स्थापित 29 परीक्षा केंद्रों पर प्रारम्भ हो चुकी है। जिसकी सतत मॉनीटरिंग कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार द्वारा की जा रही है। गुरूवार को कक्षा 10वीं के हिन्दी विषय के प्रश्नपत्र की परीक्षा सम्पन्न हुई। जिसमें कक्षा 10वीं में 27438 दर्ज विद्यार्थियों में से 26646 विद्यार्थी उपस्थित रहे तथा 792 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा में 15 दिव्यांग विद्यार्थी शामिल हुये, जिसमें से 10 विद्यार्थियों के लिये राईटर की सुविधा उपलब्ध कराई गई। इस दौरान किसी भी परीक्षा केन्द्र पर नकल प्रकरण पंजीबध्द नहीं हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस.बघेल ने बताया कि परीक्षा के सफल संचालन के लिये विकासखण्ड स्तर एवं जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किये जाकर सभी 162 परीक्षा केंद्रों की सतत मॉनीटरिंग की गई। परीक्षा में पारदर्शिता रखने एवं नकल की दुष्प्रवृत्ति को रोकने के लिये कलेक्टर श्री सिंह द्वारा स्थापित प्रशासनिक अधिकारियों एवं शिक्षा विभाग व जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारियों के दलों द्वारा निर्धारित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। जिला स्तरीय निरीक्षण दलों द्वारा किये गये निरीक्षणों की संख्या 20 तथा विकासखण्ड स्तरीय निरीक्षण दलों द्वारा किये गये निरीक्षणों की संख्या 62 रही।

### गरीबों का पैसा विधायक कमलनाथ ने कांग्रेस नेताओं को बांटा : सौरभ

**छिन्दवाड़ा।** भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सौरभ ठाकुर ने पुर्व मुख्यमंत्री एवं छिन्दवाड़ा विधायक कमलनाथ पर आरोप लगाते हुये कहा है कि उनके द्वारा छिन्दवाड़ा विधानसभा अंतर्गत कॉंग्रेस नेताओं के कहने पर अपनी स्वेच्छानुदान निधि से कॉंग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं और आर्थिक रूप से सक्षम लोगों को राशि दी गई है। श्री ठाकुर ने कहा कि कमलनाथ द्वारा अपने करीबियों को राषि दिलवाकर उन्हें लाभ पहुचाया गया है। इसमें कई नाम ऐसे भी शामिल है जिनके पास कईयों एकड़ जमीन होने के साथ ही उनके खातों में लाखों का बैंक बैलेंस है, जबकि आर्थिक रूप से कमजोर लोग जो उनके षिकारपुर निवास एवं कॉंग्रेस कार्यालय के चक्कर काट रहे है लेकिन उन्हें सहायता नही दी जा रही है। गरीबों के पैसे का बन्दबाट विधायक कमलनाथ द्वारा की जा रही है। श्री ठाकुर ने कहा कि शहर कांग्रेस अध्यक्ष पप्पू यादव के बेटे को 20 हजार रूपये दिये गये है। जबकि पप्पू यादव सालों से कांग्रेस के नेता है और वे कई पदों पर रह चुके है, एवं उनका गुरैया रोड पर निजी निवास भी है।

**संपत्ति कर जमा नहीं करने पर कुर्क संपत्ति की बकाया राशि खसरे में दर्ज**

## मार्च के सभी दिन खुले रहेंगे निगम के वसूली काउंटर




हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय ने गुरुवार को निगम सभाकक्ष में राजस्व समीक्षा की बैठक ली। वित्तीय वर्ष 2024-25 की समाप्ति को एक माह का समय शेष है, जिसे देखते हुए निगमायुक्त ने होली को छोड़कर मार्च के अन्य सभी अवकाश दिनों शनिवार एवं रविवार को भी सभी जोन के वसूली काउंटर खोलने के निर्देश दिए। नगर निगम आयुक्त ने निगम के सभी मद से होने वाली आय की समीक्षा की। निगमायुक्त ने भूमि भवन किराया के देनदारो से शत प्रतिशत वसूली करने के निर्देश दिए, बकाया राशि का भुगतान न करने वाले दुकानदारों की दुकानों में ताले लगाने के निर्देश दिए इसके साथ ही दुकान खरीदने के बाद भी प्रीमियम की राशि जमा नहीं करने पर आवंटन निरस्त करने के निर्देश बैठक में दिए। इसके साथ जलकर जमा न करने वाले उपभोक्ताओं के नल कनेक्शन काटने के निर्देश दिए। चालू वर्ष में संपत्ति कर वसूली का लक्ष्य पूरा करने हेतु नगर निगम आयुक्त सीपी राय द्वारा वार्डवार लक्ष्य के विरुद्ध वसूली की समीक्षा की। जिसमें प्रत्येक वार्ड एआरआई को 31 मार्च तक के लिए लक्ष्य दिए गए। आयुक्त ने सभी वार्ड एआरआई को नियमित रूप से वार्ड में जाकर वसूली के निर्देश दिए साथ ही बकायदारों की संपत्ति कुर्क कर रिकॉर्ड को संबंधित भू स्वामी के खसरे में दर्ज करने के निर्देश भी बैठक में दिए। बैठक में राजस्व अधिकारी साजिद खान, राजस्व प्रभारी राजकुमार पवार, वीरेंद्र मालवी, राजस्व निरीक्षक अमित सारवान, धर्मेंद्र माहोरे, शेखर पटेल, ऋषभ स्थापक एवं मनोज पवार सहित सभी वार्ड एआरआई तथा जलकर वसूलीकर्ता उपस्थित रहे।

### कमलनाथ-नकुलनाथ ने शहरवासियों को दी सौगात

**छिन्दवाड़ा:** मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ व जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के अथक प्रयासों से जिले का विकास निरंतर जारी है, जो आगे भी जारी रहेगा। नगर में आंतरिक सड़कों के निर्माण से लेकर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था एवं नगर के सौंदर्यीकरण के लिए पार्क व सेल्फी पाइंट का निर्माण। रिंग रोड के निर्माण की बात हो या फिर ओवर व अंडर ब्रिज का निर्माण। इतिहास गवाह है कि जिले व नगर के विकास के लिए कमलनाथ ने अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया और उन्हें के नक्शे कदमों पर चलते हुए नकुलनाथ भी विकास को गति दे रहे हैं।

नकुलनाथ ने आज नगर पालिक निगम क्षेत्र के दो वार्डों के साथ ही निगम ग्रामीण क्षेत्र की जनता को अनेकों विकास कार्यों की सौगात दी। कांग्रेस के पश्चिम उप ब्लॉक, पूर्व उप ब्लॉक एवं नगर निगम ग्रामीण के भाग एक के ग्राम सारना में छिन्दवाड़ा विधायक कमलनाथ की विकास निधि से निर्मित होने वाले कार्यों का भूमिपूजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए नकुलनाथ ने उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कहा कि इतिहास गवाह है कि कमलनाथ और मैंने जिले का विकास कभी थमने नहीं दिया।




**कैमिस्ट प्रीमियर लीग का हुआ आगाज, आज होंगे पांच मुकाबले**

## डॉक्टर्स इलेवन-फार्मा किंग्स इलेवन ने जीते मैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



जिला औषधी विक्रेता संघ की केमिस्ट प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का गुरुवार को शानदार शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर विक्रम आहके, महिला मोर्चा अध्यक्ष गरिमा दामोदर, भाजपा नेता जगेंद्र अल्डक, मनोज सक्सेना एवं ड्रग इंस्पेक्टर गौरव शर्मा उपस्थित थे।

इस दौरान जिला औषधि विक्रेता संघ के अध्यक्ष संतोष चौरे, सचिव अजय मालवीय, कोषाध्यक्ष अखिलेश अग्रवाल एवं जिला औषधि विक्रेता संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे। संघ के मीडिया प्रभारी शक्ति दुबे ने बताया कि गुरुवार को केमिस्ट लीग के दो मैच खेले गए। जिसमे केमिस्ट लीग का पहला मुकाबला डॉक्टर्स इलेवन और प्रेसक्लब इलेवन के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रेसक्लब इलेवन ने निर्धारित 10 ओवरों में 80 रन का लक्ष्य रखा, जिसे डॉक्टर्स इलेवन ने बड़ी ही आसानी से पांच ओवर में 2 विकेट खोकर बना लिया। वहीं दूसरा मैच एमआर इलेवन बनाम फार्मा किंग्स इलेवन के मध्य खेला गया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए एमआर इलेवन ने 10 ओवरों में 115 रनों का लक्ष्य रखा। जिसे चेस करने उतरी फार्मा किंग्स इलेवन ने 3 विकेट खोकर आठवें ओवर में ही बड़ी आसानी से हासिल कर लिया। गौरतलब है कि जिला औषधी विक्रेता संघ की केमिस्ट प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का यह सफलतम दूसरा वर्ष है। संघ ने सभी क्रिकेट प्रेमियों से इस क्रिकेट लीग में शामिल होकर क्रिकेट का आनंद लेने की अपील की है।

**आज इन टीमो के बीच होंगे मुकाबले :** कैमिस्ट प्रीमियर लीग के दूसरे दिन यानिकी शुक्रवार को पांच मुकाबले खेले जाएंगे। जिसमे पहला मैच छिंदवाड़ा टाइगर्स बनाम सिंगोड़ी इलेवन के बीच खेला जाएगा। वहीं दूसरा मैच नवेगांव इलेवन बनाम सौसर इलेवन, जिसके बाद छिंदवाड़ा लॉयंस बनाम रॉयल चैलेंजर्स बिछुआ, छिंदवाड़ा पैंथर्स बनाम ड्रेगन इलेवन उमरानाला एवं अंत मे पंजाब किंग्स बनाम ब्लेक पैंथर्स परासिया के बीच मैच खेले जाएंगे।

## शिव पार्वती का हुआ मंगल विवाह, शिव मंदिरों में रही भक्तों की भीड़

# महाकाल मंदिर से निकली गाजे बजे से भोले की सवारी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

महाशिवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर सिंगोड़ी सहित आसपास क्षेत्र के अनेक ग्रामो में महाशिवरात्रि का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें दिन भर विभिन्न शिवालयों और शिव मंदिरों में पूरे दिन विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम व अनुष्ठान संपन्न हुए।

प्रातः 7:30 बजे से ग्राम पुरोहित आचार्य पंडित जितेंद्र जोशी के मार्गदर्शन में भगवान भोले का रुद्राभिषेक कराया गया। श्रद्धालुओं ने दूध, गंगाजल, शहद, दही पंचामृत से शिवलिंग का अभिषेक किया। एवं पुरोहित द्वारा धार्मिक वैदिक मंत्रोच्चार से पूरा वातावरण को भक्तिमय कर दिया शिव मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ दिन से लेकर रात्रि तक लगी रही लोगो ने जागरण कर भगवान से अपनी मनोकामनाओं के लिए व्रत रखकर उपासना की ओर अपनी कामनाओं को मांगा।महाकाल मंदिर सिंगोड़ी में हल्दी मेहंदी संगीत का हुआ कार्यक्रम भगवान भोले की निकली शाही बारात सिंगोड़ी नगर के महाकाल मंदिर में दोपहर 2 बजे से भगवान शिव और माता पार्वती का विशेष श्रृंगार किया गया।

मंदिर को फूलों और दीपों एवं आकर्षक विद्युत साज सज्जा के माध्यम से सजाया गया। दिन भर भजन-कीर्तन से माहौल भक्तिमय बना रहा। शाम 7:30 बजे विशाल महाआरती के बाद शिव-पार्वती विवाह की आकर्षक झांकी प्रस्तुत की गई। इसके बाद डीजे ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य शिव भोले की बारात ग्राम के विभिन्न चौक चौराहों से निकाली गई।शोभायात्रा का जगह जगह पुष्पवर्षा के माध्यम से स्वागत सत्कार किया गया तो वही विभिन्न समाजसेवियों और समितियों के द्वारा विशाल भंडारा का आयोजन कर लोगो को महाप्रसाद का वितरण किया गया। शोभायात्रा के बाद बारात दुर्गा मंदिर प्रांगण में पहुंची। जहां भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती का मंगल विवाह संपन्न हुआ। महाआरती के साथ फलाहारी प्रसाद का वितरण किया गया। इस आयोजन में महाकाल सेवा समिति ,दुर्गा मंदिर समिति ,मरही माता सेवा समिति शनि मंदिर समिति सहित विभिन्न मंदिर समिति के लोगो का विशेष सहयोग एवं योगदान रहा ।

## ब्रह्माकुमारी संस्थान में मनाया शिवरात्रि पर्व, विधायक ने किया पूजन अर्चन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी विश्वविद्यालय जुन्नारदेव के तत्वधान मे बुधवार 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व मनाया गया, जिसमे मुख्य रूप 28 वर्षो से तपस्या कर रही तपसवानी ब्रह्मकुमारी रजनी दीदी ने आत्मा एवं परमात्मा, शिव एवं शंकर मे अंतर बताया। शिव बाबा की जयंती विश्व विद्यालय मे बड़े धूम धाम से मनाई गई। महाशिवरात्रि के इस पावन कार्यक्रम में जुन्नारदेव विधायक जुन्नारदेव सुनील उइके, एसडीएम जुन्नारदेव कुमारी कामनी ठाकुर, अधिवक्ता प्रशांत सोनी, सुमित राय, प्रवेश राय उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान ब्रह्माकुमारी रजनी दीदी द्वारा जीवन में पांच चीजों का त्याग करने की प्रेरणा दी गई जिसमें मुख्य रूप से सांसारिक व्यसनों का त्याग, आलस का त्याग, लोभ या लालच की भावना का त्याग, दूसरों से द्वेष या ईर्ष्या की भावना का त्याग, अज्ञान का त्याग करने के उपदेश दिए गए।

# सफाई कर्मचारियों की हड़ताल खत्म, कर्मचारियों को दिया वेतन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

नगर पालिका परासिया के सफाई कर्मचारियों की हड़ताल सातवे दिन खत्म हो गई । नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय , सीएमओ साक्षी वाजपेयी , सभापति आशीष जायसवाल , पवन सूर्यवशी ने पंडाल में जाकर चर्चा की । सहमति बनने पर गुरुवार को तीन बजे कर्मचारियों ने हड़ताल समाप्त होने की घोषणा कर दी ।21 फरवरी से कर्मचारी चौदह सूत्रीय मांग पत्र को लेकर हड़ताल पर थे । सात दिनों से चल रही हड़ताल के कारण सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही थी । वहीं नगर पालिका अध्यक्ष सभापतियों पार्षदों ने खुद ही झाड़ू थामकर नगर में सड़कों पर सफाई की थी । गुरूवार को सौहाद्रपूर्ण माहौल में कर्मचारियों से चर्चा हुई । कर्मचारियों का वेतन खाते में डाला गया । अन्य मांगों पर समय सीमा में पूरा करने की सहमति बनी । कर्मचारी संघ के नेता रामपाल पथरेला ने कहा , कि मांग पत्र पर समय सीमा में पूरा करने पर सहमति बनी है । वेतन दिया जा रहा है । इसके कारण हड़ताल आज समाप्त कर दी गई है ।नगर पालिका परासिया के अध्यक्ष विनोद मालवीय ने कहा , कि कर्मचारियों को तत्काल वेतन दिया जा रहा है । वहीं पीएफ के भुगतान के लिए नगर पालिका की संचित निधि से राशि जमा करने का प्रस्ताव पीआईसी की बैठक में लिया गया है । कर्मचारियों का वेतन कभी रोका नहीं जाता । शासन से चुंगी मिलने में विलंब होने से वेतन समय पर नहीं हो पाता । इसे नियमित करने का प्रयास किया जा रहा है ।

## अच्छी कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रधान महिला आरक्षक कमला हुई सम्मानित



**जुन्नारदेव/दमुआ।** जुन्नारदेव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत दमुआ थाने में पदस्थ प्रधान महिला आरक्षक कमला जाटव को उनके द्वारा प्रदान की जा रही अच्छी कानून व्यवस्था के लिए सिद्ध बाबा समिति द्वारा शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया है। प्रधान महिला आरक्षक जाटव द्वारा लगातार अपने कर्तव्य के प्रति सजगता और आम जनता के प्रति उनके मिलनसार व्यवहार एवं उनकी आम जनता की समस्याओं का निराकरण उनके उच्च अधिकारियों के निर्देश पर सजग होकर किया जाता है, इसी के चलते उन्हें सिद्ध बाबा समिति एवं आम जनमानस द्वारा मान सम्मान प्रदान किया गया। उन्होंने इस सम्मान के लिए सिद्ध बाबा समिति सहित एसडीओपी जुन्नारदेव, दमुआ थाना प्रभारी एवं अपने समस्त साथियों के प्रति आभार व्यक्त किया है जिनके कुशल निर्देशन में वह यह सम्मान प्राप्त कर सकी है।

# कांग्रेसी पार्षदों और पदाधिकारियों ने मांगी भीख और लगाई झाड़ू, सफाई कर्मियों को दी आर्थिक सहायता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

परासिया नगर पालिका में आंदोलनरत सफाई कर्मियों के समर्थन में कांग्रेसी पार्षदों ने बाजार में भीख मांगी और झाड़ू भी लगाई । बाजार में व्यापारियों से मिली राशि से सफाई कर्मियों का आर्थिक सहायता पहुंचाई । इधर नपा ने भी सफाई कर्मियों से चर्चा कर हड़ताल समाप्त करवाई ।गौरतलब है , कि नगर पालिका परासिया में कार्यरत सफाई कर्मचारी 21 फरवरी से हड़ताल पर थे । उन्हें दो माह का वेतन नहीं मिला था । वे माह की 1 से 10 तारीख नियमित वेतन , समय पर एरियर और बोनस भुगतान की मांग को लेकर हड़ताल पर थे । जिससे शहर में सफाई व्यवस्था चरमरा गई थी । बुधवार को नपा अध्यक्ष , उपाध्यक्ष , सभापतियों ने सफाई का जिम्मा उठाते हुए शहर में झाड़ू लगाई । गुरूवार को कांग्रेसी पार्षद और नेता प्रतिपक्ष वीर बहादुर सिंह , पार्षद पूनम कैथवास , पार्षद प्रतिभा सोनी , पार्षद रुक्मा बंसोड़ , पार्षद प्रतिमा बैस , पार्षद पूजा मरकाम , शहर समन्यवक यमुना दुबे , कार्यकारी अध्यक्ष मोहम्मद शकील , महेश झरबड़े , मोंटी खान , अशोक शर्मा , मोहम्मद इब्राहिम कुरैशी , पूनाराम डेहरिया , मनीष बैन बब्लू टेलर , सफीक सिद्दकी , पप्पू मरकाम , इदू खान , विनोद यादव सहित अन्य साथियों ने शहर में घूम - घूम कर भीख मांगी । जिससे कुल 4600 रूपये इकट्ठे हुए । यह राशि सफाई कर्मियों को दी गई । इसके अलावा कांग्रेसियों ने शहर में झाड़ू भी लगाई । नेता प्रतिपक्ष वीर बहादुर ने कहा कि , नगरीय प्रशासन के पास भ्रष्टाचार करने के लिए पैसा है , पर अपने कर्मचारियों को देने के लिए नहीं है ।

## शासकीय महाविद्यालय में 2 दिवसीय वार्षिक स्नेह सम्मेलन व क्रीडा महोत्सव प्रारंभ

# महाविद्यालय में विधि संकाय जिले का सबसे पुराना संकायः पटेल

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** शासकीय शंकरसाव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में लगभग 8 वर्षो बाद दो दिवसीय वार्षिक स्नेह सम्मेलन व क्रीडा महोत्सव कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह गुरुवार को विधायक विवेक विक्की पटेल के मुख्य आतिथ्य, महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष प्रफुल्ल बिसेन की अध्यक्षता एवं भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष लता एलकर के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया।

इस अवसर पर अतिथियों के कार्यक्रम स्थल पर पहुॅचने पर विद्यार्थियों द्वारा उनका तिलक वंदन व पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। उसके बाद कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों जनभागीदारी समिति सदस्य निरंजन बिसेन, सांसद प्रतिनिधि निर्मला पटले, जिला पंचायत सदस्य लोमहर्ष बिसेन व अन्य अतिथियों द्वारा मॉ सरस्वती के छाया चित्र की पूजा अर्चना की गई। जिसके बाद अतिथियों का महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापक व सहायक प्राध्यापकों द्वारा पुष्प हार व पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया।



### पीएमश्री महाविद्यालय करवाने होगा प्रयास- विवेक पटेल

इस अवसर पर विद्यार्थियों व उपस्थित महाविद्यालय को संबोधित करते हुए विधायक विवेक पटेल ने महाविद्यालय में गुजारे अपने अध्यापन के पुराने दिनों को याद करते हुए कहा कि इस महाविद्यालय से मैंने पोस्ट ग्रेज्युेशन के साथ-साथ विधि की पढ़ाई भी की हैं। इस महाविद्यालय में विधि संकाय जिले का सबसे पुराना संकाय हैं। इस महाविद्यालय को पीएमश्री महाविद्यालय बनवाने के लिए वह भोपाल जाने पर उच्च शिक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री से चर्चा करेगे। हमारे महाविद्यालय में वह सभी सुविधाएॅ उपलब्ध है, जो पीएमश्री महाविद्यालय घोषित होने के लिए आवश्यक हैं। उन्होंने महाविद्यालय के पुराने प्राध्यापकों व सहायक प्राध्यापकों सहित कर्मचारियों की याद करते हुए कहा कि अब इस महाविद्यालय से सभी प्राध्यापक व सहायक प्राध्यापक सहित कर्मचारी सेवानिवृत्त हो चुके हैं, लेकिन आज भी दो कर्मचारी श्री एड़े जी और श्री त्रिवेदी जी महाविद्यालय को अपनी सेवायें दे रहे हैं।

महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति व समारोह अध्यक्ष प्रफुल्ल बिसेन ने कहा कि महाविद्यालय में इसी तरह प्रतिवर्ष वार्षिक सम्मेलन होने चाहिए, जिससे शिक्षा के माध्यम से हर परिस्थिति में विद्यार्थी आगे बढ़े। जनभागीदारी समिति के माध्यम से हम छात्र-छात्राओं को हर सुविधाओं का लाभ प्रदान करने का प्रयास कर रहे हैं। विद्यार्थियों से ज्यादा से ज्यादा अपनी कक्षाएॅ लगाने एवं वार्षिक स्नहे सम्मेलन में भाग लेकर सर्वांगीण विकास करने की उन्होंने अपील की गई।

महाविद्यालय जनभागीदारी समिति सदस्य निरंजन बिसेन ने कहा कि पूरे प्रदेश में किसी भी महाविद्यालय में इतना बड़ा परिसर उपलब्ध नहीं हैं। वर्तमान समय में लगभग सभी सुविधाएॅ महाविद्यालय में विद्यार्थियों को मिल रही हैं। इसीलिए इस महाविद्यालय को पीएमश्री महाविद्यालय करवाने का प्रयास किया जायेगा। हमारी समिति की जब बैठक हुई थी, तो हमें पता चला था कि पिछले वर्ष 2017-18 से महाविद्यालय में वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन ही नहीं किया गया हैं।

## वनस्पतियों, पक्षियों व जंगली प्राणियों के बारे में जानकारी हासिल की

# महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने किया प्रकृति भ्रमण



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी के ईको क्लब द्वारा प्राचार्य डॉ हेमंत मंडाले के मार्गदर्शन तथा वन परिक्षेत्र अधिकारी वारासिवनी के निर्देशन में पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्राकृतिक भ्रमण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इसके अंतर्गत ग्राम नगझर के सुदूर वन क्षेत्र एवं रमरमा वन क्षेत्र में लगभग 39 महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं को प्रकृति भ्रमण कराया गया। वन विभाग द्वारा करीब डेढ़ किलोमीटर दूरी का नेचर ट्रेल का आयोजन किया गया। जिसमें बीट गार्ड द्वारा वन क्षेत्र के भीतर डोकरिया बांध तक विद्यार्थियों को ले जाया गया। इनके द्वारा इस क्षेत्र में मौजूद वनस्पतियों की विभिन्न प्रजातियों के बारे में बताया गया, जिनमें अर्जुन, साजा, तेंदू इत्यादि के साथ इनके महत्व को बताया गया।

इसके अलावा इस क्षेत्र में मौजूद वन्य प्राणियों तथा पक्षियों से जुड़ी रोचक जानकारी वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा विद्यार्थियों को दी गयी। विद्यार्थियों ने जंगल में क्रिस्टेड हॉक ईगल, किंगफिशर व अन्य पक्षियों को देख गया। विद्यार्थियों ने पेड़ पौधों का मौजूद बाह्य वातावरण से सहसंबंध का अध्ययन किया गया तथा तालाब में मौजूद विभिन्न प्रकार के जलीय पौधों की बाह्य आकारिकी का अध्ययन किया गया।

भ्रमण के दौरान दोमदत्त सिंह द्वारा परिस्थिति तंत्र के विभिन्न घटकों के बारे में बताया गया। अंत मे ईको क्लब प्रभारी डॉ त्रिरत्नेश के द्वारा सभी को ईको क्लब की शपथ दिलवाई गयी व पर्यावरण के संरक्षण हेतु प्रेरित किया गया।

## एक मार्च को लांजी पहुंचेंगे मुख्यमंत्री मोहन यादव

# मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर कलेक्टर ने विधायक के साथ किया कोटेश्वर महोत्सव स्थल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज लांजी।



धर्मनगरी लांजी में महाशिवरात्रि से शुरू हुए कोटेश्वर महोत्सव में शामिल होने प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव का एक मार्च को आगमन होने वाला है। जिसको लेकर प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है। जिसको लेकर जिला कलेक्टर मृणाल मीना ने लांजी पहुंच कर कोटेश्वर महोत्सव स्थल रानी अवंती बाई स्टेडियम पहुंचकर तैयारी का जायजा लिया और हेलीपैड का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए इस दौरान उनके साथ क्षेत्र की विधायक राजकुमार कर्राहे भी मौजूद रहे। श्री मीणा ने मुख्यमंत्री के मंदिर जाने वाले रूट का भी निरीक्षण किया। वहीं हेलीपैड के पास नगर परिषद द्वारा फेके गए कूड़े कचरे पर भी नगर परिषद सीएमओ को सख्त हिदायत दी कि हेलीपैड के आसपास पॉलिथीन का एक टुकड़ा भी नहीं दिखना चाहिए और हेलीपैड पर दिखाई गंदगी पर नाराजगी भी जताई। कलेक्टर द्वारा स्टेडियम के सामने स्थित रानी अवंती बाई की प्रतिमा एवं कोटेश्वर मार्ग पर बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थल का भी निरीक्षण किया जिनका अनावरण मुख्यमंत्री द्वारा किया जाएगा। वही कोटेश्वर महोत्सव के अंतर्गत हो रहे कार्यक्रम स्थल पर भी कलेक्टर एवं क्षेत्रीय विधायक द्वारा निरीक्षण किया गया तथा कलेक्टर के द्वारा वस्तुस्थिति का जायजा भी लिया। तथा एसडीएम को कोटेश्वर महोत्सव कार्यक्रम स्थल, कोटेश्वर मंदिर ओर मेला मैदान पर समुचित व्यवस्था के लिए लांजी निर्देशित किया। उल्लेखनीय है कि लांजी में 5 मार्च को सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसके पूर्व कलेक्टर मृणाल मीणा एवं समस्त जिला और जनपद के अधिकारियों द्वारा गुरुवार को विवाह स्थल का निरीक्षण किया गया। जिसमें समस्त प्रकार की व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई। विधायक राजकुमार कर्राहे ने बताया कि विवाह कार्यक्रम अवन्तिबाई स्टेडियम परिसर लाँजी में किया जाना है।

## तहसील कार्यालय प्रांगण में किया गया कार्यक्रम, एसडीएम रहे उपस्थित

# जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण आपदा प्रबंधन के संबंध में चलाया गया जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज लाँजी ।



जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण आपदा प्रबंधन के संबंध में जागरूकता अभियान चलाया गया । उक्त कार्यक्रम कलेक्टर मृणाल मीणा के निर्देशों के तहत किया गया । इस अवसर पर लाँजी एस डी एम कमलचंद सिंहसार, तहसीलदार हिम्मत सिँह भवेदी,इंद्रपाल मड़ावी पटवारी मौजूद थे।राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में तहसील कार्यालय प्रांगणन में लाँजी एस डी एम कमलचंद सिंहसार की अध्यक्षता में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ । जिसमें संतोष मोरघड़े समाजसेवी ने आपदाओं के प्रति जानकारी ०उनके उपायों एवं प्रशिक्षण पर जोर देते हुए कहा कि समस्त अस्पतालों, स्कूलों व कालेजों में प्रशिक्षण दिया जाये। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन के संबंध में स्कूल कॉलेज में कार्यशाला आयोजित करने के साथ-साथ मॉक क्पस भी की जाए जिससे भौतिक रूप से जानकारी प्राप्त हो सकेगी।प्लाटून कामाण्डर श्याम सिँह धुर्वे ने कार्यशाला में बताया कि जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विविध गतिविधियां आयोजित की जा रही है । इस पहल के तहत लोगों को आपदा से बचाव के उपायों से अवगत कराया गया,एसडीईआरएफ और जन अभियान परिषद द्वारा आपदा प्रबंधन, भूकंप से बचाव, बाढ़ से बचाव,सड़क सुरक्षा, अग्नि से बचाव,प्राथमिक उपचार और अन्य सुरक्षा उपायों पर जानकारी दी गई । कार्यक्रम में उपस्थित छेत्रवशियों को आपातकालीन परस्थितियों से निपटने के तरीके सिखाए गए । बेहोश व्यक्ति को होश में लाने, घायल व्यक्तियों को सुरक्षित स्थान तक ले जाने के तरीके, और घरेलू संसाधनों से स्ट्रेचर बनाने का अभ्यास कराया गया । इसके अलावा, एसडीईआरएफ की टीम प्राथमिक उपचार, भूकंप से बचने के उपाय और अग्नि से बचने के उपाय, बाढ़ से बचने के उपाय के सद्धिांतों की जानकारी दी गई । सड़क सुरक्षा, अग्नि से बचाव और अन्य सुरक्षा उपायों पर आधारित जागरूकता अभियान चलाया गया।आपदाओं से बचने के अनुभवों को बताया वोलट्रोन एआर/वीआर तकनीक के जरिए आग, भूकंप, वज्रपात जैसी आपदाओं से बचने के अनुभवों को उपस्थित लोगो के सामने प्रस्तुत किया गया । आपदा से बचाव के उपायों के बारे में जागरूक कर उन्हेंआपातकालीन स्थिति में सही कदम उठाने के लिए प्रेरित किया गया प्राधिकरण अन्य लोगों को आपदा प्रबंधन और उनकी सुरक्षा के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान की गई ।कार्यक्रम के दौरान के दौरान एस,डी, ई,आर,एफ प्लाटून कमांडर श्याम सिँह धुर्वे, विशेष कुतराहे सैनिक, राजेश धुर्वे सैनिक, योगेश बघेल सैनिक, लाखन सिँह सैनिक, देवेंद्र गेड़ाम सैनिक, नायक टोविंद्र खोबरागाड़े सैनिक, अरविंद्र भण्डारकर सैनिक, फत्तेलाल अगासे सैनिक, अशोक वाकड़े होमगार्ड ने प्रेजेंटेशन देते हुए विभिन्न प्रकार की आपदाओं की जानकारी, उनके सुरक्षित उपाय व उचित प्रबंधन की जानकारी देते हुए भारत सरकार की गाइडलाइन की जानकारी दी।

## आगरी में हुआ सड़क हादसा, युवक की मौत

**कटंगी।** कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम आगरी में एक भीषण सड़क हादसा हुआ है. इस हादसे में करीब 22 वर्षीय युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई. जबकि एक 20 वर्षीय युवक का दाहिना पैर घुटनों के नीचे टूट गया है. जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल बालाघाट में भर्ती करवाया गया है. सड़क हादसा बुधवार की शाम करीब 08 बजे के आस-पास हुआ है. पुलिस से मिली जानकारी अनुसार हादसे में राकेश पिता भरत लाल मर्सकोले निवासी जड़खरीद भजियापार की मौत हो गई. वहीं साथी अरविंद पिता बलिराम कुसराम का दाहिना पैर टूट गया. गुरुवार की सुबह 11 बजे मृतक के शव का पीएम किया गया. बताया जा रहा है कि किसी अज्ञात वाहन में टक्कर होने से बाइक सवार राकेश की मौत हो गई. यह अज्ञात वाहन बोरवेल वाहन बताया जा रहा है फिलहाल पुलिस इस अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है।

## खबर संक्षेप

### जंगल में फंदे पर लटका मिला शव

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** छपारा थाना के सालीवाड़ा (मड़वा) गांव के पास एक व्यक्ति का शव फंदे पर लटका मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सालीवाड़ा निवासी रामचन्द्र पितां विमानसिंह धुर्वे (42) घर से कहीं चला गया था। उसका शव गांव के पास जंगल में फंदे पर लटका मिला।
सूचना पर पुलिस मौके पहुंची और जांच-पड़ताल की। रामचंद्र ने फांसी क्यों लगाई इसका पता पुलिस लगा रही है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की है।

### बाइक से गिरकर घायल हुआ युवक, किया गया भर्ती

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कोतवाली थाना अंतर्गत खैरीटेक के पास बाइक से गिरकर एक युवक घायल हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ललमटिया निवासी अमन पिता किशोर भलावी (28) बाइक से कहीं जा रहा था। इसी दौरान वह खैरीटेक के पास बाइक से गिरकर घायल हो गया। अमन को उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### सिवनी, घंसौर स्टेशन में रेलवे नियुक्त करेगा फैसिलेटर

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** डिवीजन के 19 स्टेशनों पर एटीवीएम संचालन हेतु जल्द ही फैसिलिलेटर की नियुक्ति की जाएगी। इसके लिए प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। यूटीएस मोबाइल ऐप के माध्यम से यात्री बिना किसी कठिनाई केमोबाइल पर अनारक्षित टिकट, प्लेटफॉर्म टिकट, मासिक सीजन टिकट एवं क्वार्टरली सीजन टिकट बुक कर सकते हैं।

# फोरलेन पर वाहनों में आग लगने पर नहीं मिलती कोई मदद

**हर साल जिले मे चलते वाहनों में आग लगने की घटनाओं का आंकड़ा जिले में 3-4 और पूरे फोरलेन पर 5 तक पहुंच चुका है, लेकिन हैरान करने वाली बात यह है कि इन घटनाओं में से एक भी मामले में फायर ब्रिगेड या पेट्रोलिंग टीम मौके पर समय पर नहीं पहुंची।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

नतीजतन, आग लगने के बाद वाहन चालक और यात्रियों को न केवल अपनी जान का खतरा उठाना पड़ा, बल्कि वाहनों के जलने से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान भी हुआ। इन घटनाओं में सिर्फ वाहनों के ढांचे ही बच पाए हैं।


नागपुर-सिवनी जबलपुर नेशनल हाइवे

### समय से नहीं पहुंचती मदद

एनएचएआई का दावा है कि फोरलेन पर आग की घटनाओं से निपटने के लिए टोल प्लाजा और पेट्रोलिंग वाहनों में फायर फाइटिंग सिस्टम उपलब्ध है। इसके बावजूद सवाल यह उठता है कि जब इन घटनाओं में आग लगने की सूचना दी गई, तो फिर समय पर क्यों कोई मदद नहीं पहुंची? यह घटनाएं फोरलेन पर सुरक्षा की बड़ी कमी को उजागर कर रही हैं, खासकर तब जब राज्य सरकार और एनएचएआई द्वारा वाहनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई सुविधाओं का दावा किया जाता है।

### टोल फ्री नंबर पर भी नहीं मिला कोई रिस्पांस

जिले के टोल प्लाजा के क्षेत्र में हुई इन घटनाओं में से अधिकांश के दौरान स्थानीय हेल्पलाइन और टोल फ्री नंबर 1033 पर कॉल किए गए थे, लेकिन मदद मिली। जानकारी के अनुसार जब वाहन में आग लगी, तो यात्रियों ने तुरंत टोल फ्री नंबर पर शिकायत दर्ज कराई, लेकिन कोई रिस्पांस नहीं मिला। हाइवे पर वाहनों के बीच हुई इस बड़ी समस्या के बावजूद भी टोल प्रबंधन और पेट्रोलिंग टीम से किसी भी तरह की मदद नहीं मिल पाई। यह स्थिति यात्रियों और वाहन चालकों को मानसिक और शारीरिक तौर पर प्रभावित कर रही है, क्योंकि उन्हें किसी भी आपातकालीन स्थिति में न तो तत्काल मदद मिलती है, और न ही सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं।

### समस्या का समाधान जरूरी

एनएचएआई और टोल प्रबंधन की इस लापरवाही को लेकर वाहन चालकों में गहरी निराशा है। सडक़ दुर्घटनाओं और आगजनी की घटनाओं के बाद मदद के नाम पर सिर्फ खानापूरी की जा रही है, जबकि वास्तविकता यह है कि यात्रियों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए हैं। टोल प्लाजा पर फायर फाइटिंग सिस्टम का दावा किया गया था, लेकिन एक भी घटना में यह सिस्टम सक्रिय नहीं हुआ।

### टोल प्लाजा पर सुविधाओं का दावा, लेकिन वास्तविकता अलग

सिवनी ज़िले में नेशनल हाईवे 44 का 29 किलोमीटर लंबा हिस्सा फ़ोरलेन है. यह फ़ोरलेन लाइट और साउंड पूरफ है. यह पेंच नेशनल पार्क के बफ़र एरिया से गुज़रता है.
ज़िले म नेशनल हाईवे 44 का 29 किलोमीटर लंबा हिस्सा फ़ोरलेन है. और इस पर दो प्रमुख टोल प्लाज संचालित हैं। एनएचएआई के अधिकारी इन टोल प्लाजों पर एम्बुलेंस, फायर फाइटिंग सिस्टम और क्रेन जैसी आपातकालीन सुविधाओं के उपलब्ध होने का दावा करते हैं। लेकिन हकीकत कुछ और ही है। पिछले एक माह में टोल प्लाजा के क्षेत्र में कई वाहनों में आग लगने की घटनाएं हुईं, कई वाहन जलकर खाक हुए इसके बावजूद किसी भी वाहन में आग लगने की घटना के बाद न तो फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची, न ही पेट्रोलिंग टीम ने मदद के लिए समय पर कदम उठाया।

# मापदंडों पर खरे नहीं मैरिज गार्डन बारातों से यातायात का बज रहा बाजा

**शहर की व्यस्त सडक़ों पर इन दिनों बारातों के निकलने से जगह-जगह पर जाम की स्थिति आम हो गई है। रोड के किनारे जगह जगह संचालित मैरिज गार्डन के चलते रात्रि में जाम के हालात आम हो गए हैं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

कमोवेश यही स्थित शहर के अंदरूनी मार्गों में भी बारातों के निकलने से यातायात थम जाता है। शादियों का सीजन होने से रोजाना ट्रैफिक दबाव बन रहा है। एक ही समय में दर्जन भर से अधिक बारात लगने से मुख्य मार्गों में वाहन रेंगते हुए नजर आ रहे हैं। बारातों से ट्रैफिक बाधित हो ही रहा था, वहीं मैरिज गार्डनों के बाहर वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग की वजह से भी जाम लग रहा है। शहर के ज्यादातर मैरिज गार्डनों में एनजीटी के नियम के तहत पार्किंग के लिए जगह न छोड़े जाने से ट्रैफिक व्यवस्था गड़बड़ा रही है। रोड में दर्जनों मैरिज गार्डन संचालित हैं। शादियों के दौरान



इस मार्ग पर जाम की समस्या सबसे अधिक रहती हैं। शादियों का सीजन होने से शाम से ही जाम लगना शुरू हो जाता है। यह स्थिति विवाह समारोह समाप्त होने तक बनी रहती है। सडक़ किनारे वाहनों की पार्किंग होने के कारण अन्य वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। मुख्य मार्ग पर स्थित कई मैरिज गार्डनों में पार्किंग की पर्याप्त जगह नहीं है। यहां आने वाले वाहन सडक़ पर पार्क होते हैं। नगर में वैध और अवैध मैरिज गार्डनों में बारातों का सिलसिला चल रहा है। शहर भर में करीब आधा सैकड़ा मेरिज गार्डन, होटल व धर्मशालाएं संचालित हैं। इनमें से ज्यादातर पिछले कुछ साल के दरम्यान में ही खुले हैं। शहर में तेजी से नए-नए मैरिज गार्डन एवं हाल खुल रहे हैं। मौजूदा समय में शहर के लगभग हर हिस्से में मैरिज गार्डन खुल चुके हैं। कई गार्डन तो तंग गलियों के अंदर खुले हुए हैं। मैरिज हॉल के अलावा शहर में धमर्शालाएं भी संचालित हैं। धर्मशालाएं भी पार्किंग व अन्य मापदंडों के अनुरूप नहीं हैं। इन संस्थानों में मापदंडों का पालन नहीं किया जा रहा है।
मैरिज हाल बनाने की अनुमति लेने के दौरान न पा अमला मौका मुआयना भी नहीं करता है। इस दौरान मौके पर पहुंचने वाले अधिकारियों को पार्किंग, ड्रेनेज, हॉल, सडक़ आदि की जगह व्यवस्थित तौर पर संचालक द्वारा दर्शायी जाती हैं, लेकिन संस्थान तैयार होने पर पार्किंग की जगह का उपयोग दूसरे कार्यों में होने लगता है। शहर में कुछ मैरिज गार्डनों को छोडक़र अन्य मैरिज गार्डनों में मापदंड के तहत पार्किंग के लिए जगह नहीं रखी गई है। जाम लगने से शहरवासी परेशान हो रहे हैं। अवैध रूप से चल रहे मैरिज गार्डनों को लेकर प्रशासन द्वारा गार्डन संचालकों को नोटिस जारी किया जाना चाहिए लेकिन ऐसा कुछ नहीं होता सिर्फ नोटिस तक ही प्रशासन की कारवाई सीमित रहती है। मैरिज गार्डनों में जरूरी व्यवस्थाओं को लेकर सख्ती के साथ कदम नहीं उठाए जाने के कारण शहरवासियों को जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है।

# पुलिस ने जुआ खेलते तीन जुआरियों को पकड़ा, लाखों रूपये किये जप्त

**पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता जुआं सट्टा के विरुध्द सख्त है। जुआं खिलाने वालो को लेकर कार्यवाही के प्रति निरंतर प्रयासरत रहते है। एएसपी गुरुदत्त शर्मा एवं सीएसपी पूजा पाण्डेय के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस लगातार कार्यवाही करती रही है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

इसी क्रम में कोतवाली पुलिस स्टाफ द्वारा बहु चर्चित जुआडी घनश्याम गोस्वामी के जुआं फड पर देर रात दबिश देकर कुछ जुआरियों को धर दबोचा जिनसे 20,500 रुपये नगद समेत कुल एक लाख 20 हजार का मशरुका जप्त किया गया है।
मिली जानकारी अनुसार बीते 25 फरवरी को सूचना मिली की ग्राम लूघरवाड़ा के तरफ खेत में कुछ लोग ताश के पत्तो पर रुपये पैसो का हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे है , सूचना तस्दीक करने हेतु थाना प्रभारी सतीश तिवारी के नेतृत्व में टीम गठीत कर रेड कार्यवाही की गई। पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर खेल रहे जुआरियों को धर दबोचा, मौके से तीन आरोपीयों को पकडने मे सफलता प्राप्त हुई एवं 05 आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने लगे, पुलिस ने पकडने का प्रयास किया लेकिन अंधेरा होने से आरोपी जुआं फड से भाग गये । जिनके विरुध्द जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।
पकड़े गये जुआडिय़ों में घनश्याम दास पिता मोहन गोस्वामी 35 वर्ष निवासी बरघाट नाका ए. जे.के. थाना के सामने थाना डुण्डा सिवनी, राहुल चंद्रहास पिता रंगलाल चंद्रहास 32 वर्ष निवासी भैरोगंज सिवनी, ओमप्रकाश बघेल पिता इमानसिंह बघेल 34 वर्ष निवासी ग्राम बीझावाड़ा कंडीपार रोड थाना डुण्डा सिवनी के नाम शामिल है। तो वहीं फरार आरोपियों में अनूप कश्यप निवासी मंगलीपेठ, मन्नू नाविक नि. केवटी वार्ड सिवनी, संदीप बघेल निवासी लूघरवाड़ा, जितेन्द्र बघेल उर्फ बादशा निवासी लूघरवाड़ा, गोलू काछी के नाम शामिल है। जुआफड़ से 20500 रूपये नगद, 4 मोबाईल एवं एक स्कूटी क्र.एमएच 49 सीई 8792 जप्त किया गया। उक्त कार्यवाही में निरी. सतीश तिवारी, उनि. राहुल काकोडिया, सउनि जयदीपसिंह सेंगर, आर. नितेश राजपुत, अमित रघुवंशी, प्रतीक बघेल, महेन्द्र पटेल, इरफान खान का सराहनीय योगदान रहा।

# अवैध गौवंश परिवहन करते पकड़ाया ट्रक, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता के निर्देशन मे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जी.डी. शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक सिवनी श्रीमति पूजा पांडे के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी बंडोल उ.नि. अर्पित भैरम व्दारा थाना क्षेत्र मे लगातार कार्यवाही की जा रही है।
मिली जानकारी अनुसार बुधवार 26 फरवरी को थाना प्रभारी बंडोल व्दारा अवैध मवेशी परिवहन की मुखबिर सूचना पर तत्परता से कार्यवाही करते हुए एनएच-44 रोड हाईवे फिल्टर प्लांट के सामने नाकाबंदी की गई, इस दौरान नाकाबंदी के दस चक्का ट्रक क्रं.एपी 24 डब्ल्यू 6723 आया जिसे नाकाबंदी कर रोकने का प्रयास किये, तो उक्त वाहन चालक द्वारा अपने ट्रक को चलाकर एनएच 44 रोड से नागपुर तरफ भाग रहा था जिसे ग्राम सोनाडोंगरी के पास एनएच-44 हाईवे रोड पर नाकाबंदी कर हिकमतमली से वाहन को रोका गया। वाहन चालक द्वारा वाहन से कूदकर भागने का प्रयास किया, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। वाहन चालक का साथी अंधेरी व



झाडियो का फायदा उठाकर भाग गया। उक्त वाहन को चैक करने पर वाहन में 26 नग गाय, 07 नग बैल 04 नग नाटा कुल 37 नग जीवित गौवंश व 01 नग मृत गाय ठूस ठूस कर क्रूरतापूर्वक जिनके सींग मुंह, गला पैर बंधे हुये मिले।
वाहन चालक से पूछताछ करने पर अपना नाम शेख इब्राहिम पिता शेख इस्माईल 35 वर्ष निवासी नूरी मस्जिद के पास प्लांट नंबर 901 मेहबूब नगर उप्पलवाड़ी पीली नदी थाना यशोधरा नगर नागपुर महाराष्ट्र एवं वाहन मे भरे 38 नग गौवंश मवेशी अमित यादव निवासी सुभाष स्कूल के सामने सुभाष वार्ड सिवनी के होना बताया गया। मवेशी जबलपुर बरगी के जंगल से घुमक्कड जाति के लोगो से सस्ते दाम में 38 नग मवेशी खरीदकर ट्रक में भरवाकर कत्लखाना नागपुर ले जाना बताया। मौके पर कुल 37 नग जीवित एवं 01 नग मृत गौवंश और दस चक्का ट्रक क्रं एपी 24 डब्ल्यू 6723 को जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया है। वाहन चालक शेख इब्राहिम एवं मवेशी स्वामी अमित यादव के विरूध्द धारा 4, 6, 9, म. प्र.गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 6,7, म.प्र. कृषि उपयोगी संरक्षण अधिनियम, 6 (क), 6 (ख) (1) म.प्र. कृषक पशु परिरक्षण अधि. धारा-11 (1) (घ) पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम, 325 बी.एन.एस., 184 मो. व्ही.एक्ट के तहत अपराध पंजीबध्द कर आरोपी वाहन चालक शेख इब्राहिम को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय सिवनी पेश कर विधिवत कार्यवाही की गई।
उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी उ.नि. अर्पित भैरम, सउनि. राजेन्द्र नागवंशी, शिवेन्द्र वसूले, देवेन्द्र जायसवाल (सायबर सेल), प्र.आर. अमर उईके, आर. सतेन्द्र चंद्रवंशी, नीरज राजपूत, डायल 100 वाहन पायलेट दिनेश चंद्रवंशी, जसवंत नामदेव का योगदान सराहनीय रहा।

# मठ तालाब में लगा गंदगी का अंबार



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शहर के मठ मंदिर के पास स्थित तालाब समेत दलसागर, बुधवारी और बबरिया तालाब के किनारे कचरा और गंदगी से भरे पड़े हैं। इससे पूजन और दीप दान करने वाले श्रद्धालुओं को काफी परेशानी हो रही है। नगर पालिका का साफ-सफाई अभियान सिर्फ कागजों तक सीमित दिख रहा है। कई दिनों से मठ तालाब की सफाई नहीं हुई है। लोग तालाब में कूड़ा-करकट फेंक रहे हैं। कुछ असामाजिक तत्व शराब पीकर खाली बोतलें भी तालाब में फेंक देते हैं।

### समय पर नहीं हो रही तालाब की सफाई

स्थानीय निवासी राकेश साहू, अमित श्रीवास्तव और विकास मिश्रा ने बताया कि तालाब में पानी तो जमा होता है। लेकिन सफाई न होने से आसपास के लोग बदबू से परेशान हैं।

### तालाबों में जमा कचरे से प्रदूषित हुआ पानी

तालाबों में जमा कचरे से पानी प्रदूषित हो गया है। मठ तालाब में शराब की बोतलें और डिस्पोजल सामान मिलने से पूजा करने वालों में आक्रोश है। इस मामले में नगर पालिका सीएमओ से संपर्क नहीं हो पाया। नगर पालिका अध्यक्ष शफीक खान ने कहा कि उन्हें जानकारी मिल गई है और जल्द ही सफाई कराई जाएगी।

## राजस्व प्रकरणों के निराकरण स्थिति तथा विभागीय योजनाओं की प्रगति की कलेक्टर सुश्री जैन ने की समीक्षा

# लापरवाही बरतने वाले पटवारियों को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

**कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने गुरूवार 27 फरवरी को राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर राजस्व प्रकरणों के निराकरण स्थिति तथा विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अनुभागवार स्वामित्व योजना, फार्मर रजिस्ट्री, आधार लिंकिंग, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के पात्र किसानों की ई-केवायसी सहित भू-राजस्व वसूली की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।**

बैठक में अपर कलेक्टर श्री सीएल चनाप, अपर कलेक्टर सुश्री सुनिता खण्डायत सहित सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर सुश्री जैन ने राजस्व न्यायालयवार प्रकरणों के निराकरण प्रगति की समीक्षा करते हुये सभी राजस्व अधिकारियों को प्रकरणों के समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई भी प्रकरण अकारण लंबित न रहे। कलेक्टर सुश्री जैन ने स्वामित्व योजना के लंबित प्रकरणों के भी त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये है।
बैठक में कलेक्टर सुश्री जैन ने लंबित सीएम हेल्प लाईन की भी शिकायतवार विस्तृत समीक्षा की। समीक्षा के दौरान केवलारी अनुभाग के छींदा पटवारी द्वारा राहत राशि संबंधी शिकायत के निराकरण में लापरवाही बरतना पाये जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये हैं। इसी तरह धनौरा



पटवारी द्वारा सीमांकन में लापरवाही बरतना पाये जाने पर नोटिस जारी किया गया है। कलेक्टर सुश्री जैन ने मांग अनुरूप भू-राजस्व वसूली जमा करवाने के लिए सभी तहसीलदारों को निर्देश दिये हैं। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को उनके अनुभाग में स्थित वैटलैंड की राजस्व रिकार्ड में प्रविष्टी करने के शासन के निर्देशानुसार वैटलैंड के चिन्हांकन तथा सीमांकन कर प्रविष्टी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं।

### स्टेंडिंग कमेटी की बैठक आज

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सी एल चिनाप द्वारा बताया गया कि म.प्र. राज्य निर्वाचन अयोग भोपाल द्वारा नगरपालिका परिषद सिवनी के लिए मतदाता सूची तैयार करने का कार्यक्रम दिनांक 21/02/2025 को जारी किया गया है। नगरपालिका परिषद सिवनी की प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन कार्यक्रम अनुसार दिनांक 28/02/2025 को नियत है तथा मतदाता सूची का अंतिम प्रकशन दिनांक 21/03/2025 को किया जाना है। नगरपालिका की फोटोयुक्त मतदाता सूची से संबंधित स्टेंडिंग कमेटी की बैठक का आयोजन कलेक्टर सभाकक्ष में दिनांक 28/02/2025 को समय 11:00 बजे किया गया है। जिसमें मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अधिकृत प्रतिनिधि को आमंत्रित किया गया है।

# मठ मंदिर से निकली भोलेनाथ की बारात, नगरवासी बाराती बनकर हुए शामिल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मुख्यालय सिवनी के मठ मंदिर प्रागण से बुधवार की शाम 6 बजे भगवान भोलेनाथ की बारात निकाली गई, भूत-प्रेतों के साथ हजारों श्रद्धालु इस बारात में शामिल हुए, जहां मठ मंदिर से बाबा की बारात झांकियों के साथ दुर्गा चौक, गिरजाकुंड से होते हुए नेहरू रोड, नगर पालिका चौक से प्रस्थान कर शंकर मढिय़ा, महावीर मढिय़ा व छिंदवाड़ा चौक गणेश मंदिर होते हुए पुनः मठ मंदिर प्रागण पहुंची, छिंदवाड़ा चौक गणेश मंदिर समिति द्वारा वधु पक्ष की ओर से बारात की अगवानी की गई।
भगवान भोलेनाथ एवं माता पार्वती का प्रतीकात्मक विवाह विधि विधान के अनुसार मठ मंदिर प्रागण में स पन्न कराया गया। जहां पर वधु का कन्यादान लक्ष्मी नारायण मंदिर समिति के द्वारा किया गया।
मठ मंदिर से निकली बारात का जगह-जगह स्वागत होने के साथ ही जलपान एवं फलाहर की व्यवस्था श्रद्धालुओं द्वारा की गई। आकर्षक साज-सज्जा के साथ बारात मार्ग पर आतिशबाजी लगातार चलती रही, रथ पर सवार भगवान भोलेनाथ की बारात के सामने आकर्षक झांकिया एवं भूत प्रेतों का नृत्य आकर्षण का केन्द्र रहा वहीं हजारों की सं या में महिलाओं ने भी माता पार्वती एवं भगवान शिव के प्रतीकात्मक विवाह में अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। विवाह के उपरांत आयोजन समिति द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिले भर में देवाधिदेव महादेव और माता पार्वती के विवाह का पर्व महाशिवरात्रि जिले भर में धूमधाम के साथ पूरी श्रद्धाभक्ति के साथ सनातनधर्मियों के द्वारा मनाया गया। महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर आयोजित धार्मिक आयोजनों और वैदिक मंत्रों की गूंज से पूरा जिला शिवमय हो गया। महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर सुबह से ही देवालयों, शिवालयों और देवी मंदिरों में पूजन-अर्चन, अभिषेक करने के लिए भक्तों की भीड़ लगाना प्रारंभ हो गई थी जो देर रात्रि तक देखने को मिली। मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ के कारण मंदिरों के



सामने लंबी कतार लगी हुई दिखाई दी। नगर के प्राचीन मठ मंदिर सहित शंकर मढिय़ा, सिद्धेश्वर महादेव मंदिर महाराज बाग भैरोगंज, शिव शक्ति मंदिर पुलिस लाईन, शिव मंदिर पुलिस लाईन, प्राचीन शिव मंदिर मंगलीपेठ, शिव मंदिर द्वारका नगर, शिव मंदिर गंज वार्ड, बड़ा कुआ शिव मंदिर डूंडासिवनी, मंडला रोड शिव मंदिर, शिव मंदिर राजपूत कालोनी, शिव मंदिर बारापत्थर, शिव मंदिर सोमवार चौक शिव मंदिर सुनारी मोहल्ला चौड़ा कुआं सहित नगर के अन्य सभी देवालयों, देवी मंदिरों में पूजन-अर्चन, अभिषेक करने के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही। इसी क्रम में जिले के ग्राम दिघौरी में स्थित विश्व प्रसिद्ध सबसे बड़ी स्फटिक शिवलिंग, महाकालेश्वर मंदिर बोरदई, मठघोंघरा लखनादौन सहित जिले के सभी विकासखंड मुख्यालय व ग्रामीण अंचल में स्थित सभी सिद्ध शिव मंदिरों और देवालयों में श्रद्धालु देर रात्रि तक पूजन-अर्चन दर्शन करने के लिए पहुंच रहे थे।

### 5 मार्च तक मांगें नहीं मानी गईं तो सीएम हाउस का करेंगे घेराव

# सहकारी कर्मचारियों का बैंक के सामने प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ के बैनर तले कर्मचारियों ने सहकारी केंद्रीय बैंक के सामने प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को पूरा करने की मांग की है।

महासंघ के प्रतिनिधियों का कहना है कि अगर 5 मार्च तक मांगें नहीं मानी गईं तो प्रदेश भर के सहकारी कर्मचारी भोपाल में सीएम हाउस और सहकारिता मंत्री का घेराव करेंगे।

मध्यप्रदेश सहकारिता कर्मचारी संघ के प्रांतीय प्रतिनिधि दिनेश परिहार ने कई मुद्दे उठाए। उन्होंने बताया कि 2023 में सरकार ने 60 प्रतिशत पैक्स कर्मचारियों को जिला बैंकों में पदोन्नति का आदेश दिया था, लेकिन जिला प्रशासन इस आदेश का पालन नहीं कर रहा है। कर्मचारियों की बढ़ती उम्र के कारण वे पदोन्नति से वंचित हो सकते हैं।



परिहार ने बताया कि अक्टूबर 2023 से सोसायटी सेल्समैन को 3 हजार रुपए वेतन वृद्धि का आदेश जारी हुआ था, लेकिन अभी तक इसकी राशि जारी नहीं की गई है। कोरोना काल में ऑफलाइन खाद्यान्न वितरण का मामला भी उठाया गया। यह वितरण पीओएस मशीन में दर्ज नहीं किया गया, जिसका खामियाजा कर्मचारियों को भुगतना पड़ रहा है।

महासंघ के सचिव एम.पी. ठाकरे ने कहा कि मांगों को लेकर हमेशा आश्वासन मिलता है, लेकिन समाधान नहीं होता। 5 मार्च तक मांगें नहीं मानी गईं तो भोपाल में आंदोलन किया जाएगा।

# शाहजहां की हत्या से पर्दा उठा, प्रेमिका सहित चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

विधवा महिला ने प्रेम प्रसंग में युवक की हत्या कर दी थी। पुलिस ने घटना की जांच कर दो महीने बाद गुरुवार को इसका खुलासा किया। कोर्ट ने 4 आरोपियों को 13 मार्च तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

पुलिस ने बताया कि मृतक शाहजहां उर्फ साजन साई (30) झारखंड के गिरीडीह का रहने वाला था। वह पिछले 8-10 सालों से उकवा के राइस मिल में वाहन चालक था। इस दौरान उसका विधवा पुष्पा कावरे से प्रेम संबंध बन गया। दोनों एक साथ रहने लगे। पुष्पा की बहन लता, जीजा आकाश और प्रेमिका का भतीजा अभय उनके पड़ोस में रहते थे।



शाहजहां के शराब पीने की आदत के कारण दोनों में अक्सर झगड़े होते थे। 3 दिसंबर को भी दोनों में विवाद हुआ। झगड़े की आवाज सुनकर पुष्पा की बहन लता, जीजा आकाश और भतीजा अभय वहां आ गए। बहन के साथ झगड़े से नाराज होकर लता ने शाहजहां के सिर पर पीछे से लोहे की रॉड से वार कर दिया।

**डॉक्टर को एक्सीडेंट की कहानी बताई :** घटना को छिपाने के लिए घायल शाहजहां को पड़ोसी के घर ले जाया गया। डॉक्टर को बुलाकर एक्सीडेंट की झूठी कहानी बताई गई। डॉक्टर ने गंभीर चोट देखकर अस्पताल ले जाने की सलाह दी, लेकिन आरोपियों ने ऐसा नहीं किया। इससे शाहजहां की मौत हो गई। 4 दिसंबर को पुलिस को इस घटना की सूचना मिली।

पीएम रिपोर्ट में पुलिस को पता चला कि शाहजहां की मौत, किसी ठोस वस्तु के सिर में वार करने से हुई है। जिस पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच में लिया था। जांच के उपरांत संदेही, प्रेमिका, पुष्पा से पूछताछ करने के बाद शाहजहां की हत्या से पर्दा उठा। आरोपियों में मृतक की प्रेमिका पुष्पा यादव (40), उसकी बहन लता यादव (38), जीजा आकाश तिवारी (32) और भतीजा अभय कोरी (22) शामिल हैं।

### विधायक-कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया

# कल सीएम बालाघाट आएंगे, दिव्यांगों को 2.64 करोड़ के उपकरण बांटेंगे

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 1 मार्च को बालाघाट आएंगे। यह उनका एक साल में पांचवां बालाघाट दौरा होगा। मुख्यमंत्री रेंजर कॉलेज मैदान में आयोजित कार्यक्रम में 2520 दिव्यांगजनों को 2 करोड़ 64 लाख के सहायक उपकरण बांटेंगे। इसके बाद वे लांजी में महाशिवरात्रि से शुरू हुए 8 दिवसीय कोटेश्वर महोत्सव में शामिल होंगे।

लांजी में सीएम कोटेश्वर मंदिर में शिवलिंग की पूजा-अर्चना करेंगे। वे बिरसा मुंडा और रानी अवंतीबाई स्टेडियम के सामने स्थापित वीरांगना रानी अवंतीबाई की प्रतिमा का अनावरण भी करेंगे। महोत्सव का मंचीय कार्यक्रम सीएम राइज स्कूल परिसर में होगा।



### कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया

कलेक्टर मृणाल ने 27 फरवरी को विधायक राजकुमार कर्राहे और अपर कलेक्टर जी.एस. धुर्वे के साथ लांजी में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। मुख्यालय में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ ने अधिकारियों के साथ आयोजन स्थल का जायजा लिया। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान विभागीय स्टॉल लगाने के निर्देश दिए।

### विकास कार्यों का करेंगे लोकार्पण

1 मार्च को सीएम हॉकी एस्ट्रोटर्फ मैदान और जिले के बालाघाट, वारासिवनी, लालबर्रा और बिरसा के मलाजखंड में नवनिर्मित सीएम राइज स्कूल भवन का लोकार्पण करेंगे।

### 100 बाय 300 के पंडाल में 36 बाय 74 का होगा मंच

मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए 100 बाय 300 में डोम का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें 36 बाय 74 का मंच बनाया जा रहा है। जहां मुख्यमंत्री के साथ सांसद, भाजपा नेता और अन्य प्रशासनिक अधिकारी होंगे।

### एक साल में 4 बार बालाघाट आ चुके सीएम

पिछले एक साल में सीएम यादव ने बालाघाट के चार दौरे किए हैं। 21 फरवरी को उन्होंने रेंजर कॉलेज में मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली सभा की। 29 जून को नक्सलियों को मार गिराने वाले हॉकफोर्स जवानों को आउट ऑफ टर्न प्रमोशन दिया। 5 अगस्त को कृषि मंडी में महिलाओं के साथ रक्षाबंधन मनाया और 3 दिसंबर को स्वदेशी मेले में शामिल हुए।

# 10वीं की परीक्षा शुरू, बालाघाट के 133 केंद्रों में 22 हजार से ज्यादा छात्र दे रहे हिंदी की परीक्षा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में दसवीं बोर्ड की परीक्षाएं 27 फरवरी से शुरू हो गई हैं। जिले में कुल 133 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों में 22,514 विद्यार्थी परीक्षा दे रहे हैं। इनमें 21,441 नियमित और 1,073 स्वाध्यायी परीक्षार्थी शामिल हैं। परीक्षाएं सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक चल रही हैं। केंद्राध्यक्ष कलेक्टर प्रतिनिधि के साथ थाने से प्रश्नपत्र लेकर परीक्षा केंद्र पहुंचे।



माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल के निर्देश पर कलेक्टर ने प्रशासनिक और शिक्षा विभाग का उड़नदस्ता गठित किया है। इसमें एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदार शामिल हैं। शिक्षा विभाग से संयुक्त संचालक, डीपीआई, सहायक संचालक और जिला शिक्षा अधिकारी नकल रोकने की निगरानी कर रहे हैं।

मुख्यालय के तीन संवेदनशील केंद्रों में जैमर लगाए गए हैं। ये केंद्र हैं - एमजीएम स्कूल बालाघाट, उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट और एमएलबी स्कूल बालाघाट। उल्लेखनीय है कि 12वीं बोर्ड की परीक्षाएं 25 फरवरी से पहले ही शुरू हो चुकी हैं।

### आंगनवाड़ी केंद्रों में चेहरा पहचान प्रणाली की नई व्यवस्था लागू

**बालाघाट।** भारत शासन द्वारा वर्तमान में पोषण ट्रैकर व्यवस्था शुरू की जा रही है। इसके साथ ही जिले की सभी आंगनवाड़ियों में एफआरएस एवं चेहरा पहचान प्रणाली के रूप में नई व्यवस्था लागू की है। एप के माध्यम स्व हितग्राही को मिलने वाला टेक होम राशन (टीएचआर) अब लाभार्थी को चेहरे का प्रमाणीकरण के साथ-साथ फोटो लेने का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही ई-केवायसी के बाद ही टीएचआर का लाभ दिया जाएगा।

### आपदा प्रबंधन पर जनजागृति कार्यक्रम हुआ आयोजित

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के आदेशानुसार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मप्र गृह विभाग भोपाल के निर्देशानुसार बुधवार को लांजी के तहसील कार्यालय में जनजागृति अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बाढ़ आपदा भूकंप, वज्रपात, लू ताप, एवं दामनी ऐप, सचेत ऐप के विषय पर आयोजन जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वाधान में लांजी के तहसील कार्यालय में श्रीमति रजनी खटीक डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेन्ट होमगार्ड बालाघाट नोडल अधिकारी आपदा प्रबंधन के मार्गदर्शन में उनकी टीम के द्वारा डिमांस्ट्रेशन किया गया।

# अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**बालाघाट।** शासकीय महाविद्यालय लालबर्रा में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अन्तर्गत 27 फरवरी से 22 मार्च तक 60 घंटे का अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र कुमार खण्डायत ने उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्य को बताते हुए कहा कि हर छात्र के अंदर कोई ना कोई कौशल होता है उसे तरासने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सभी की प्रतिभायें विशिष्ट होती हैं। वहीं सेड मैप के जिला समन्वयक श्री सुनील कुमार ढ़ोके ने अपने उद्बोधन में बताया कि यह अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रषिक्षण सेड मैप संस्था द्वारा दिया जा रहा है जिसका विषय ''व्यक्तित्व विकास, सम्प्रेषण कौशल तथा कम्प्यूटरीकरण कौशल'' है। विद्यार्थी इस प्रशिक्षण के माध्यम से आगामी भविष्य में रोजगार योग्य बनेगे, विभिन्न गुण सिखेंगे एवं कौशल पूर्ण बनेगें। वर्तमान समय कौशल में पारंगत होने का दौर है। प्रत्येक विद्यार्थी को अध्ययन के साथ-साथ विशिष्ट क्षेत्र में स्किल प्राप्त करना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों का सराहनीय योगदान रहा।



### सरेखा का पुराना क्रासिंग आज से होगा बन्द, अंडर पास से होगा आवागमन

**बालाघाट।** बालाघाट नगर में सरेखा रेलवे क्रॉसिंग को आज से बन्द कर दिया जायेगा। इस सम्बंध में सेतु निगम के एसडीओ श्री अर्जुन सनोडिया ने बताया कि अंडर पास बन जाने से अब इसी से आवागमन किया जा रहा है। अब सरेखा के पुराने रेलवे क्रॉसिंग को शुक्रवार से स्थायी रूप से बन्द किया जाएगा।

### म. प्र. जन अभियान परिषद द्वारा आदर्श ग्राम बनाने किया जा रहा संपर्क



**किरनापुर।** म. प्र. जन अभियान परिषद बालाघाट के विकासखंड किरनापुर सेक्टर क्रमांक 01 म. प्र. जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक सुशील बर्मन व ब्लॉक समन्वयक रुचिका वैस के संयुक्त मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था द्वारा अपने-अपने सेक्टर में आदर्श ग्राम नियुक्त करने बैठकें ,संगोष्ठी करके तथा अधिकारियों /कर्मचारियों व ग्राम के प्रतिष्ठित व्यक्तियों से मिल कर जानकारी उपलब्ध कराया जा रहा है इसी कड़ी में नवांकुर संस्था राज भूषण सोशल सोसायटी भुआ द्वारा भी सेक्टर क्रमांक 01 के प्रस्फुटन ग्राम बम्हनगांव में कार्य किया जा रहा है ।जिसमें सरपंच बालचंद पांचे ,राहुल बाहे ,महेश ठाकरे, समिति सदस्य मेंटर्स जगदीश पांचे ,कोटवार विनोद चौरे ,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका सुनीता चौरे, होलिका धुवारे,संस्था प्रभारी दिनेश चोरनेले भुआ व ग्राम वासियों का भरपूर सहयोग प्राप्त हो रहा है।

# सिविक एक्शन प्रोग्राम के अंतर्गत 123 बटालियन कें द्वारा निशुल्क चिकित्सा जांच एवं दवा वितरण शिविर का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

किरनापुर थाना अन्तर्गत पुलिस चौकी किन्ही में ए/123 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा कैम्प परिसर किन्ही में 27 फरवरी 2025 को सिविक एक्सन प्रोग्राम के अन्तर्गत मेडीकल कैम्प का आयोजन किया गया। यह कार्यकम श्रीमति तेजिन्दर कौर कमांडेण्ट 123 बटालियन के०रि०पु०बल के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस आयोजन में डॉ० संतोश कुमार मुख्य चिकित्सा अधिकारी-123 बटा०, निरी०/ जीडी मोम्मद असलम ए/123 बटा० के द्वारा किया गया। इस प्रोग्राम मे ए/123 बटा० केन्द्रीय रिर्जव पुलिस बल के कार्यक्षेत्र में आने वाले ग्राम पंचायतो से सैकड़ो स्थानीय ग्रामीण सम्मिलित हुए। जिसमें डॉ० सतोश कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी-123 बटा० के द्वारा ग्राम वासियों का निःशुल्क चिकित्सा जाँच एवं दवा वितरण किया गया तथा चिकित्सा शिविर के दौरान डॉ० संतोश कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी-123 बटा0 के द्वारा लोगो को सर्दी, खाँसी, एवं अन्य सामान्य बिमारियों जो जीवन स्तर को बेहतर बनाने व शिक्षा के प्रति अपने बच्चो मे जाग्रति लाने का आव्हान किया और कहाँ कि थोड़ी सावधानी बरत कर हम जानलेवा बीमारियों से बच सकते है।इस आयोजन में निरी०/ जीडी मोम्मद असलम ए/123 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की मुख्य भूमिका रही ।

### किसान सम्मेलन के दिन होगी जिले के अधिक से अधिक किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री

**बालाघाट।** 01 मार्च शनिवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का किसान सम्मेलन कार्यक्रम अंतर्गत जिले में आगमन प्रस्तावित है। भू अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार मुख्यमंत्री के आगमन पर जिले के अधिक से अधिक किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री में सहभागिता की जा सकती है। जिसके लिए कैम्प लगाकर किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री का कार्य सम्पन्न किया जा सकेगा। कैम्प के सुचारू क्रियान्वयन के लिए एडीएम के निर्देशन में समस्त तहसीलो के पटवारियो को नियुक्त किया गया है। पटवारी अपने कोटवार के साथ निर्धारित तिथि में उपस्थित होकर फॉर्मर रजिस्ट्री का कार्य सुनिश्चित करेंगे।

### 28 फरवरी व 1 मार्च को होगा अभिमंत्रित रूद्राक्ष का निःशुल्क वितरण

# आज पूर्णाहूति के साथ शिवमहापुराण का समापन

**1 मार्च को दोपहर 1 बजे से शिव महापुराण समापन पर सांई मन्नत भंडारा**

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** श्री शिव सांई मंदिर ट्रस्ट बालाघाट मंदिर परिसर प्रांगण में नौ दिवसीय श्री शिवमहापुराण जो 20 फरवरी से कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुई थी का आज 28 फरवरी को पूर्णाहूति के साथ दोपहर में समापन होगा। शिव महापुराण के समापन के बाद नौ दिवसीय महापुराण व रूद्री निर्माण से 21000 रूद्राक्ष से बने रूद्राक्षश्वेश्र महादेव के अभिमंत्रित रूद्राक्ष का शिवमहापुराण के बाद निःशुल्क वितरण रूद्राक्ष दीक्षा कार्डधारियो को ही किया जायेगा।



मंदिर ट्रस्ट के परिसर प्रांगण में नौ दिनों से चल रही श्री शिवमहापुराण में प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से रूद्री निर्माण में सैकडो श्रद्धालु भक्तों द्वारा रूद्री निर्माण में भाग लिया जा रहा था। रूद्री निर्माण पश्चात कथा व्यास पं. परिणित कृष्ण दुबे द्वारा भक्तों द्वारा निर्मित पार्थिक शिवलिंग का सामूहिक रूप से प्रत्येक भक्तों द्वारा अभिषेक, पूजन व आरती की करवायी जाती थी। मंदिर ट्रस्ट परिसर में व्यासपीठ मंच के बाजू में यज्ञ शाला में पूजन मंडल निर्माण कर स्थापित किये गये 21000 रूद्राक्ष से बने रूद्राक्षेश्वर महादेव भी वहीं पर स्थापित किये गये जिसका प्रतिदिन अभिषेक पूजन व आरती की जा रही जिसके दर्शन कर भक्ती का लाभ ले रहे है। प्रतिदिन दोपहर 03 से 06:30 बजे तक संगीतमय श्री शिव महापुराण की कथा की व्याख्या व प्रवचन व भजनों के साथ किया गया। जिसमें भक्तों ने बढ़चढ .क़र भाग लिया व भक्ति में झूम कर नाच कर आनंदित हुए। प्रतिदिन सायं 06:30 बजे श्री शिव महापुराण के समापन के बाद उपस्थिति सभी श्रद्धालु भक्तों को फलाहारी प्रसाद का वितरण किया गया।

श्री शिव महापुराण के सफल व सुचारू संचालन हेतु शहर व आसपास के अचंलों के श्रद्धालु भक्तों ने प्रतिदिन अधिकाधिक संख्या में श्रद्धालु भक्तगण उपस्थित होकर भगवान शिव का भक्ति प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर ट्रस्ट ने श्री शिव महापुराण कार्यक्रम को सफल व सुचारू संचालन में श्रद्धालु भक्तगणों द्वारा तन-मन व धन से सहयोग कर कार्यक्रम में अपनी व अपनो की उपस्थिति से इसे सफल बनाये। इस आयोजन को करने वाले भगवान शिव व कराने वाले भगवान शिव है।

### 51 सूत्रीय मांगों के लिए, आंदोलन का होंगा शंखनाद - बिन्झाड़े

# नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता एवं पुरानी पेंशन की मांग जायज

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

आजाद अध्यापक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष अर्जुन बिंझाड़े ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि विगत 25 वर्षो से प्रदेश केअध्यापक शिक्षाकर्मी को नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता एंव पुरानी पेंशन का लाभ आज पर्यन्त तक प्रदेश सरकार द्वारा नही दिया गया है।इस संबध में प्रदेश सरकार को हजारो बार ज्ञापन दिया गया है। प्रदेश के हजारों शिक्षाकर्मी/अध्यापक सेवानिवृत हो चुके हैं। सेवानिवृत के बाद उनके परिवार को मिलने वाले पेंशन राशि महज 2 हजार रु बन रही है। जिसमे वह अपने परिवार का पालन पोषण कैसे कर सकता है। प्रदेश उपाध्यक्ष अर्जुन बिन्साड़े ने बताया कि



नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता की मांग जायज है। प्रदेश शासन ने प्रदेश के अध्यापक के साथ शोषण और अत्याचार किया है। जब शिक्षाकर्मीयों को अध्यापक बनाया गया है। तो शासन ने उन्हें वरिष्ठता का लाभ नही दिया, न पुरानी पेंशन का लाभ दिया है। प्रदेश अध्यापक एनपीएस की जगह ओपीएस की जायज मांगो के लिए हमेशा सरकार से संघर्ष कर रहा है। किंतु प्रदेश सरकार नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता एवं पुरानी पेंशन की मांगों के संदर्भ में अनसूनी कर रही।इसलिए संयुक्त मोर्चा के तत्वाधान में 51 सूत्रीय मांग को लेकर सांसद, विधायक को ज्ञापन सौंपा जाएगा। पुरानी पेंशन नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता, सभी कर्मचारी के वेतनमान में संशोधन, मकान भाड़ा महंगाई भत्ते का भुगतान , चतुर्थ श्रेणी के पदनाम परिवर्तन, अतिथि शिक्षक व अन्य संवर्ग की समस्याओं का निराकरण कराने की मांग करेंगे। यदि इसके बाद भी मांग पूरी नहीं की जाती तो फिर प्रदेश सरकार के खिलाफ बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

### रेलवे अप डाउनर्ज वेलफेयर जिलाध्यक्ष ने विभिन्न मांगों और सुझावों को लेकर सौंपा ज्ञापन

# डीआरएम ने किया कटंगी रेलवे स्टेशन का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता ने गुरुवार को रेलवे स्टेशन कटंगी का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने रेलवे स्टेशन के सुलभ प्रसाधन की गंदगी पर नाराजगी जताई और अधिकारियों को स्वच्छता बनाए रखने के सख्त आदेश दिए. डीआरएम सुबह 11 बजे स्पेशल यान परख से कटंगी स्टेशन पहुंचे थे. यान से उतरते ही वह सीधे स्टेशन का निरीक्षण करने लगे. उन्होंने सबसे पहले यात्रियों के लिए बनाएं गए सुलभ प्रसाधन में स्वच्छता का जायजा लिया तो यहां साफ-सफाई का अभाव देखने को मिला. जिस पर उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वह यात्रियों को बेहतर साफ-सफाई उपलब्ध करवाएं. अधिकारियों ने बताया कि कटंगी और वारासिवनी रेलवे स्टेशन का एक ही सफाई कर्मचारी है. इसके बाद डीआरएम ने रेलवे स्टेशन परिसर का निरीक्षण किया और जहां-जहां कमियां पाई उन्हें दूर करने के आदेश दिए।



निरीक्षण के दौरान रेलवे अप डाउनर्ज़ प्रोग्रेसिव वेलफ़ेयर एसोसिएशन जिलाध्यक्ष विवेक शर्मा ने डीआरएम को एक ज्ञापन सौंपा. जिसमें उन्होंने रेलवे से जुड़ी तमाम समस्याओं की तरफ ध्यानाकर्षण करवाया. इसके साथ ही रेल परिचालन और व्यवस्था में सुधार किया जा सकता है इसका एक लिखित सुझाव पत्र भी दिया. ज्ञापन में तुमसर-बालाघाट रेल खंड और कटंगी-वारासिवनी स्टेशन के विकास और विस्तार, ट्रेनों की लेट लतीफी और ट्रेनों को आउटर में रोके जाने से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से रखा गया. वहीं माँग पत्र के जरिए एक्सप्रेस ट्रेन के 24-26 कोच के अनुकूल कटंगी-वारासिवनी रेलवे स्टेशनों के दोनो प्लेटफार्म की लम्बाई को बढ़ा कर 600 मीटर निर्माण कराने की मांग रखी गई. विवेक शर्मा ने डीआरएम को बताया कि कटंगी स्टेशन क्रॉसिंग स्टेशन है और यहां लगातार पैसेंजर ट्रेनों की क्रॉसिंग होती है. प्लेटफ़ॉर्म क्रमांक 2 में निर्माण अधूरा है जिससे परेशानी होती है. प्लेटफार्म नंबर 02 का अधूरा निर्माण शीघ्र पूरा होने से यात्रियों को होने वाली परेशानी से निजात मिलेगा. वहीं आगामी गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए यात्रियों के लिए वैकल्पिक शेड की व्यवस्था बनाने की मांग की गई. वारासिवनी स्टेशन के प्लेटफ़ॉर्म क्रमांक 1 की ऊँचाई को बढ़ाने और भविष्य के दृष्टिकोण के साथ स्टेशन में लूप लाइन की संख्या भी बढ़ाने की मांग रखी गई।

ज्ञापन में गाड़ी संख्या क्रमांक 78809/78810 गोंदिया-कटंगी-गोंदिया गाड़ी के टाइम में परिवर्तन कर इस ट्रेन को पुनः रीस्टोर करने की मांग रखी गई जिससे इस रेलखंड के यात्रियों को सुबह गोंदिया स्टेशन से महाराष्ट्र एक्सप्रेस ओर इंटर्सिटी एक्सप्रेस ट्रेन की कनेक्टिविटी मिल सके. डीआरएम ने सुधार करने का भरोसा दिया है. डीआरएम कटंगी से निरीक्षण करने के बाद वारासिवनी बालाघाट की तरफ रवाना हुए।